राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

कोरोना समय में बच्चों का झरोखा

11 जून 2022: शनिवार: वर्ष – 03: अंक – 07

पानी की छम छम

आज की कविता

तुमने कभी पानी का संगीत सुना है? नल से गिरती झर झर धार, आसमान से टपकती टुपुर टपुर बारिश की बूंद, झरने का झायँ झायँ झिप , नदी की कल कल और तालाब में पत्थर फेंकने पर टुलुप टुलुप फिस की धुन। राजू तो इस धुन पर नाच सकता है। क्या तुम्हें भी सुनना है इसकी ताल? चित्र पर क्लिक करो और सुनों

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Pratham Books



भालू को रंग पसंद थे

आज की कहानी

सफेद भालू को रंग बेहद पसंद हैं, हर बार उसे एक नया रंग अच्छा लगने लगाता है। चलो, भालू के साथ-साथ रंगों की इन्द्रधनुषी दुनियाँ को जानें। चित्र पर क्लिक करें और कहानी सुनें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Room to Read

नन्हे आर्थर का सूरज

आज की किताब

बारिश के दिन है और आर्थर की दादी की कमर में गठिया का दर्द है । अगर धुप निकले तो दादी को कुछ चैन पड़े । आर्थर को बादलों पर बड़ा गुस्सा आता है । वो उन बादलो से लड़ना चाहता है । क्या आर्थर दादी का दर्द मिटा पाया? जानने के लिए चित्र पर क्लिक करें और कहानी पढ़े ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। BGVS



रॉकेट

आज की गतिविधि

एक फुले हुए गुब्बारे पर एक स्ट्रॉ बांधें। एक दीवार के एक छोर से बंधे एक लंबे धागे पर स्ट्रॉ को बांधे । एक हाथ से गुब्बारे का मुंह बंद रखें। धागे को दूसरे हाथ से खींचे। गुब्बारे को छोड़ते ही यह रॉकेट की तरह आगे की ओर उड़ेगा। हर क्रिया की समान और विपरीत प्रतिक्रिया होती है। यह एक रॉकेट की कार्यप्रणाली को दर्शाता है। गतिविधि का विडियो देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindguptayoys.com

कहानियाँ आखिर करती क्या है?

टीचर्स कॉर्नर

कहानियाँ सदियों से सामाजिक-सांस्कृतिक व्यवहार का हिस्सा रही है। अब ये सीखने-सीखाने की प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा है । औपचारिक अनौपचारिक शिक्षण में बहुतेरे प्रयोग होते रहते है। प्रस्तुत आलेख में कहानियों के मनो-सामाजिक प्रतिफल के साथ ही शैक्षिक उपक्रम के सन्दर्भ में उनका अनुभवजन्य विश्लेषण किया गया है । चित्र पर क्लिक कर आलेख पढ़े ।

शिक्षकों के लिए। Pathshala

'गाँव का अखबार'

हमारा पुस्तकालय

हंसराज गुर्जर टोंक जिले में विगत 30 वर्षो से राजकीय विद्यालय में अध्यापन का काम कर रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों के पक्षधर है। स्कूल की तरफ से बच्चों के सहयोग से 'गाँव का अखबार' जैसी पहल के माध्यम से संवाद और सामाजिक बदलाव का प्रयास कर रहे हैं। इस लेख में बदलाव की उनकी कोशिशों के एक सफ़र को समझा जा सकता है। पढ़िए यह लेख।

शिक्षकों के लिए। Education Mirror

#घर में रहें
#आनन्दसेपढ़ें

साथियों, हवामहल का 111 वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोड़िए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।